# सीएसए में केंपस प्लेसमेंट का हुआ आयोजन

प्रदीप शर्मा

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद एवं कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पीपल्स एक्शन फार नेशनल इंटीग्रेशन संस्थान द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सेवायोजन निदेशक डा. विजय कुमार यादव ने बताया कि कैम्पस प्लेसमेन्ट लेने आई आईआर कंचन लखानी एम डी हर्ष अंबानी और अंबरीश द्वारा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागित लगभग 33 छात्र छात्राओं का लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कसन एवं पर्सनल इन्टरव्यू लेकर 20 छात्र छात्राओं का फील्ड क्वार्डिनेटर, के.ए.के.एस.एम.आई.एस एवं ब्लॉक क्वार्डिनेटर के पद पर 3.75 से 5.70 लाख के पैकेज पर चयन किया गया। यह सभी छात्र छात्रायें उत्तर प्रदेश के तराई से अच्छादित जनपदो में महिला सशक्तीकरण, स्वस्थ, ग्रामीण विकास, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगे।

इसके साथ कार्बन केडिट की ट्रेडिंग के लिये किसानो, उद्योगपतियों, प्रतिष्ठानों के द्वारा अधिक से अधिक पौध रोपण एवं उनके द्वारा रोपित पौधो की कार्बन केडिट




के बारे प्रशिक्षण, जागरूकता एवं जनसहभागिता बढ़ाकर पर्यावरण, संरक्षण, एवं संवर्धन द्वारा आ रहे गंभीर परिणामों को कम करने का प्रयास करेंगे।

इसके साथ ही 14-15 अप्रैल, 2025 को विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के कैम्पस प्लेसमेन्ट लेने आयी यारा फर्टिलाइजर्स इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी जो इस समय विश्व के कई देशो में उर्वरक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उत्पादन में अग्रणी है के प्रतिनिधि डॉ. सिद्धार्थ सिंह, सीनियर रिजनल सेल्स मैनेजर, प्रेरना मैनेजर एच0आर0 एवं उमेश, डीआरएम दीग ने कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिभागित 87 छात्र छात्राओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया जिसमें 58 छात्र छात्राओं के साथ ग्रुप डिस्कसन कर 24 छात्र छात्राओं को पर्सनल इन्टरव्यू राउण्ड के लिए शार्टलिस्ट किया। साक्षात्कार में 7 छात्र छात्राओं का 7.70 से 9.20 लाख का पैकेज पर चयन किया गया। इसके साथ बायोपयूल, दीहात एवं सेफ एक्सप्रेस में भी 9 छात्र छात्राओं का 5.50 से 7.50 लाख के पैकेज पर चयन किया गया।

सेवायोजन के निदेशक डा विजय कुमार यादव ने बताया कि अदानी विल्मर लिमिटेड, इंडीफोस एनालिटिकल प्राइवेट लिमिटेड जुआरी इंडस्ट्रीज लिमिटेड हाइपरप्योर बाय जोमैटो व 4 अन्य कम्पनियों का अप्रैल के द्वितीय एवं मई के प्रथम पखवाड़े में कैम्पस ड्राइव प्रस्तावित है। इन सभी कम्पनियों में अच्छे पैकेज मिलने की खुशी में सभी छात्र छात्राओं में उल्लास है।

विश्वविद्यालय के डॉक्टर खलील खान ने बताया कि कुलपति प्रो. आनन्द कुमार सिंह ने इस प्रतिष्ठित कम्पनी में अच्छे पैकेज पर चयनित सभी छात्रों के चयन पर अपनी प्रसन्नता एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की है। इस कार्य में मुलायम सिंह, सरिता पाण्डेय एवं प्लेसमेन्ट क्वार्डिनेटर का विशेष सहयोग रहा।